सर पे तेरा हाथ है | Puja Nathani

सर पे तेरा हाथ है एहसास करा देना
घबराये मन सांवरे तो ऊँगली फिरा देना
ओ सांवरे.....ओ सांवरे
ओ सांवरे.....ओ सांवरे

भरोसा इतना है मुझको के साथी श्याम हमारा है
मगर दिल का बड़ा कच्चा ये बच्चा श्याम तुम्हारा है
फिरा फिरा के ऊँगली तू विश्वास जगा देना
घबराये मन सांवरे तो ऊँगली फिरा देना
सर पे तेरा हाथ है एहसास करा देना
घबराये मन सांवरे तो ऊँगली फिरा देना
सर पे तेरा हाथ है .....

मुसीबत के दिन आते हैं भरोसा हिलने लगता है
भगत फिर तेरी नज़रों से कन्हैया गिरने लगता है
अपनी नज़रो से मुझे नहीं गिरा देना
घबराये मन सांवरे तो ऊँगली फिरा देना
सर पे तेरा हाथ है एहसास करा देना
घबराये मन सांवरे तो ऊँगली फिरा देना
सर पे तेरा हाथ है .....

नियम लेले तू बनवारी रोज़ ऊँगली फिराने का
छूट जायेगा ये झंझट मेरा विश्वास जगाने का
फिरा फिरा कर प्यार से तू प्यार बढ़ा देना
घबराये मन सांवरे तो ऊँगली फिरा देना
सर पे तेरा हाथ है एहसास करा देना
घबराये मन सांवरे तो ऊँगली फिरा देना
सर पे तेरा हाथ है .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b9%e0%a5%88-buja-nathani/